(6)

-30-

परिशिष्ट–02

# कार्यालय विशेष प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) सतपुड़ा भवन, भोपाल

क्रमांक/एफ–10/बजट/297/120 भोपाल, दिनांक 16·3·16

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव
   वन/वित्त/योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी/लोक निर्माण/जल संसाधन/
   पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, म.प्र.
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, म.प्र.
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) म.प्र.
4. सचिव, मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग
5. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय,
   केंद्रीय भवन, रविशंकर नगर, भोपाल (भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के प्रतिनिधि)
6. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), म.प्र.
7. अशासकीय संगठन, डब्ल्यु.डब्ल्यु.एफ. मध्यप्रदेश रायबा बिल्डिंग,
   पर्यावरण परिसर, ई–5 अरेरा कॉलोनी, भोपाल, म.प्र.
8. अशासकीय संगठन, अरण्या भोपाल
   श्रीमती अर्चना शर्मा (अरण्या),
   जी–3/376, गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल म.प्र.

विषयः–प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, म.प्र. की राज्य स्तरीय संचालन समिति की दिनांक 07.11.2015 को आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण।

संदर्भः– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/एफ–10/बजट/297/211 दिनांक 05.11.2015

–0–

उपरोक्त विषय में मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 07.11.2015 के अनुमोदित कार्यवाही विवरण की प्रति संलग्न प्रेषित है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

16/3/2016
(ए.के.जैन)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्य प्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक/एफ–10/बजट/297/121 भोपाल, दिनांक 16·3·16

प्रतिलिपिः– स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, म.प्र. मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर कार्यवाही विवरण की प्रति संलग्न प्रेषित है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

16/3/2016
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्य प्रदेश, भोपाल

O/C

मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित, मध्य प्रदेश स्टेट कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की छटवीं बैठक दिनांक 07 नवम्बर 2015 का कार्यवाही विवरण

—0—

दिनांक 07 नवम्बर 2015 को मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में स्टेट कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की छटवीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट–I पर है। बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:–

1. राज्य स्तरीय संचालन समिति की पांचवी बैठक दिनांक 30 मार्च 2015 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन–

राज्य स्तरीय संचालन समिति की पांचवी बैठक दिनांक 30 मार्च 2015 के कार्यवाही विवरण का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

2. राज्य स्तरीय संचालन समिति की पांचवी बैठक दिनांक 30 मार्च 2015 में लिये गये निर्णय का पालन प्रतिवेदन –

राज्य स्तरीय संचालन समिति की पांचवी बैठक में लिये गये निर्णयों पर बिन्दुवार पालन प्रतिवेदन के विवरण से समिति अवगत हुई।

3. बैठक में रखे गये एजेण्डा पर चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिए गए:–

<u>एजेण्डा कमांक–4.1</u>

वर्ष 2015–16 के ए.पी.ओ. में प्रस्तावित कार्यो के विवरण से समिति अवगत हुयी।

<u>एजेण्डा कमांक–4.2</u>

समिति द्वारा वर्ष 2015–16 हेतु वनीकरण कार्यो की लागत के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी तथा विभागीय रूप से किये जा रहे रोपण एवं कैम्पा मद से किये जा रहे रोपण की लागत के संबंध पुनः परीक्षण कर प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

<u>एजेण्डा कमांक–4.3</u>

समिति द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण एवं संवर्धन कार्यो के संबंध में राशि ₹ 18.64 करोड़ के प्रस्ताव विस्तृत विवरण सहित आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

<u>एजेण्डा कमांक–4.4</u>

समिति द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम,1980 के अन्तर्गत व्यपवर्तित वन भूमि के प्रकरणों में वर्ष 1980 से वर्ष 2000 तक शेष रहे वैकल्पिक वृक्षारोपण की लागत के संबंध में पुनः परीक्षण कर पुनरीक्षित तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

<u>एजेण्डा कमांक–4.5</u>

<u>वन्य प्राणी प्रबन्धन एवं सुरक्षा हेतु प्रस्ताव</u>

(I) वन्य प्राणियों के स्थानांतरण हेतु दो नग ट्रक ट्राला एवं फोरव्हीलर 407 वाहन–

समिति द्वारा राशि ₹ 0.49 करोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। ✓

(II) रेस्क्यू स्क्वाड हेतु 10 कस्टमाइज्ड वाहन–

समिति द्वारा राशि ₹ 2.70 करोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। ✓

(III) डॉग–स्क्वाड हेतु 3 कस्टमाइज्ड वाहन–

समिति द्वारा राशि ₹ 0.48 करोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। ✓

(II) एडुसेट की स्थापना

समिति द्वारा एडुसेट की स्थापना हेतु प्रस्तावित राशि ₹ 0.24 करोड़ का अनुमोदन किया गया।

(III) क्षेत्रीय कर्मचारियों को GPS Enabled Mobile Device का प्रस्ताव

समिति द्वारा क्षेत्रीय कर्मचारियों को GPS Enabled Mobile Device के प्रदाय से असहमति व्यक्त की गयी।

एजेण्डा कमांक–4.13

समिति द्वारा टैली सॉफ्वेयर अपग्रेड हेतु राशि ₹ 0.10 करोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा कमांक–4.14

समिति द्वारा कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष द्वारा जारी राशि ₹ 1,72,348/–की स्वीकृतियों का कार्योत्तर अनुमोदन किया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा

16 स्कॉर्पियो वाहन के लिये प्रवेश कर की राशि ₹ 20.00 लाख के प्रस्ताव के संबंध में निर्देश दिये गये कि यह परीक्षण किया जाये कि वाहन राज्य के बाहर से क्यो क्रय किये गये जिससे राशि प्रवेश कर दिये जाने की स्थिति निर्मित हुई।

समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण कर समिति की आगामी बैठक 15 दिवस में आयोजित की जाये।

बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्य प्रदेश, भोपाल

Agenda - 57.1

मध्यप्रदेश शासन

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक / डी-      / 1447 / 2017 / 10-2          भोपाल, दिनांक    जुलाई, 2017

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
मध्यप्रदेश, भोपाल

विषय :- कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में अनुमोदित राशि को अन्यत्र उपयोग किये जाने की अनुमति बावत्।

संदर्भ :- आपकी टीप क्रमांक-123, दिनांक 06.06.2017 एवं मुख्य सचिव कार्यालय की टीप क्रमांक-2628 / 2017, दिनांक 04.07.2017.

---

आपके संदर्भित प्रस्ताव अनुसार कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक दिनांक 07.11.2015 में खिवनी अभयारण्य के खिवनी ग्राम के विस्थापन हेतु अनुमोदित रूपये 13.00 करोड़ को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के ग्राम माना, मालनी एवं साकई ग्राम के विस्थापन हेतु उपयोग किये जाने की सहमति दी जाती है।

उक्त के संदर्भ में कृपया उचित एजेण्डा राज्य स्तरीय कैम्पा समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

(एस.आई. अजीज)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग

पृ. क्रमांक / डी-1758 / 1447 / 2017 / 10-2          भोपाल, दिनांक 19 जुलाई 2017

प्रतिलिपि :-

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) मध्यप्रदेश, भोपाल।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) मध्यप्रदेश, भोपाल।

की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग

परिशिष्ट-5

मध्यप्रदेश शासन

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक/डी-1724/1998/2017/10-2 भोपाल, दिनांक 14 जुलाई, 2017

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(कैम्पा)
मध्यप्रदेश, भोपाल

विषय :- ''कृषि वानिकी से कृषक समृद्धि योजना'' के अन्तर्गत पौधों के परिवहन हेतु कैम्पा मद से राशि प्रदाय करने के संबंध में।

संदर्भ :- आपकी टीप क्रमांक-31, दिनांक 22.06.2017 एवं मुख्य सचिव कार्यालय की टीप क्रमांक-2590-17, दिनांक 30.06.2017.

------

दिनांक 02.07.2017 को 6 करोड़ पौधारोपण/बावत् माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणा के क्रियान्वयन के संबंध में ''कृषि वानिकी के कृषक समृद्धि योजनान्तर्गत'' पौधों के परिवहन हेतु कैम्पा मद से राशि रूपये 352.00 लाख प्रदाय करने की अनुमति दी जाती है।

उपरोक्त संदर्भ में राज्य स्तरीय कैम्पा समिति की आगामी बैठक में औपचारिक अनुमोदन हेतु एजेण्डा प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

15/7/17

(एस.आई. अजीज)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग

17/7/17

विशेष प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्यप्रदेश, भोपाल

3572
18-07-17

विषय :– माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 30.05.2017 को मुकुन्दपुर जू के लिये बजट आवंटन संबंधी बैठक का कार्यवाही विवरण।
संदर्भ :– इस कार्यालय की टीप क्रमांक/497 दिनांक 01.07.2017.

* * *

विषयांकित प्रकरण में संदर्भित टीप के तारतम्य में निवेदन है कि स्टेट कैम्पा के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यकारणी समिति की बैठक में स्वीकृति के लिये वन्यप्राणी संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित राशि ₹284,88,73,396 के प्रस्ताव इस कार्यालय द्वारा प्रेषित किये गये हैं, जिसमें मुकुन्दपुर जू–सतना वनमण्डल का भी राशि ₹33,27,75,000 का प्रस्ताव सम्मिलित है। मुकुन्दपुर चिड़ियाघर के लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिये माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में बैठक दिनांक 30.05.2017 में यह निर्णय हुआ है कि कैम्पा मद से राशि ₹15.00 करोड़ मुकुन्दपुर जू के लिये शीघ्र स्वीकृत की जाये।

अतः उक्त आवश्यक राशि ₹15.00 करोड़ कैम्पा मद से स्वीकृति के लिये आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध है। (कुल स्वीकृति वांछित – ₹ 33.28 करोड़)
(इस वर्ष हेतु वांछित – ₹ 15 करोड़)

संलग्न :– बैठक का कार्यवाही विवरण।

[signature] 1/7/2017

(जितेन्द्र अग्रवाल)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी)
मध्यप्रदेश, भोपाल

U.O. No./PCCF (BC&CWLW) 552
Date 17-7-2017

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं
वन बल प्रमुख, म.प्र.
विशेष प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) म.प्र.

[signature] 18.7.17
विशेष प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्यप्रदेश, भोपाल

3601
19.7.17 व्यय

[signature] 18/7

मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन

क्रमांक / एफ 15–36 / 2016 / 10–2 दिनांक 06 / 07 / 2017

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव
वित्त विभाग
मंत्रालय भोपाल।

2. प्रमुख सचिव
मुख्यमंत्री सचिवालय
मंत्रालय भोपाल।

3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक
वन्यप्राणी

4. मुख्य वन संरक्षक
रीवा वृत्त (म.प्र.)

विषय :– माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 30.05.2017 को मुकुन्दपुर जू के लिये बजट आवंटन संबंधी बैठक का कार्यवाही विवरण।

––00––

विषयांतर्गत लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 30.05.2017 को मुकुन्दपुर जू के लिये बजट आवंटन संबंधी बैठक का कार्यवाही विवरण संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(एस.आई.अजीज)
अवर सचिव
म0प्र0 शासन वन विभाग

P.C.C.F. (W.L.)
(M.P.)

पृ. क्रमांक / एफ 15–36 / 2016 / 10–2 दिनांक 06 / 07 / 2017

प्रतिलिपिः–

1. निज सहायक, वन मंत्री कार्यालय, भोपाल म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
2. निज सहायक, खनिज मंत्री कार्यालय, भोपाल म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
3. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय भोपाल म.प्र. की ओर सूचनार्थ।

अवर सचिव
म0प्र0 शासन वन विभाग

865
6/7/017

E:\Manish\letter.docx1351

# माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 30.05.2017 को मुकुन्दपुर जू के लिये बजट आवंटन संबंधी बैठक का कार्यवाही विवरण।

---

माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 30.05.2017 को सायंकाल 6:30 बजे उनके प्रतिकक्ष में महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एवं जू मुकुन्दपुर की अनुमोदित कार्य आयोजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 में प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण कराने के लिये बजट आवंटन विषय पर उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्नानुसार माननीय मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेः–

1. डॉ. गौरीशंकर शेजवार, माननीय मंत्री, वन, मध्यप्रदेश शासन।
2. श्री राजेन्द्र शुक्ला, माननीय मंत्री खनिज, मध्यप्रदेश शासन।
3. श्री बी.पी. सिंह, मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
4. श्री ए.पी. श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव, वित्त मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
5. श्री रवि श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), मध्यप्रदेश, भोपाल।
6. श्री एस.के. मिश्रा, प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, भोपाल।
7. श्री अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, भोपाल।
8. श्री आलोक कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), मध्यप्रदेश, भोपाल।
9. श्री महेन्द्र सिंह धाकड़, सचिव वन, मध्यप्रदेश शासन।
10. श्री एम. कालीदूरई, मुख्य वन संरक्षक, रीवा वृत्त।

महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एवं जू मुकुन्दपुर के मास्टर प्लान को केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। मास्टर प्लान के अनुसार 22 मांसाहारी, 11 शाकाहारी एवं 07 अन्य वन्यप्राणियों के इंक्लोजर एवं इससे संबंधित समस्त अन्य निमार्ण कार्य संपादित किये जाने है। वर्तमान में शाकाहारी वन्यप्राणियों के 11 निर्माणाधीन इंक्लोजर को शीघ्र पूर्ण किया जाना अत्यंत आवश्यक है ताकि यहां देश के अन्य चिड़ियाघरों से एवं रेस्क्यू किये गये वन्यप्राणियों को लाया जाकर रखा जा सके। प्राकृतिक आपदा बाढ़ आदि से क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल के निर्माण का कार्य भी शीघ्र किया जाना है, ताकि आवारा पशुओं के संक्रमण से जू के वन्यप्राणियों को बचाया जा सके।

मास्टर प्लान के अनुसार लगभग 65.49 करोड़ के कार्य शेष बचे हैं, जिन्हें आगामी 03 वर्षों में पूर्ण करने की योजना है। वर्ष 2017–18 में मास्टर प्लान के अनुसार लगभग 25.00 करोड़ के कार्य प्रस्तावित हैं, जिनके लिये वित्तीय वर्ष में योजना क्रमांक– 6355 में मात्र 1.02 करोड़ का आवंटन स्थापना व्यय सहित प्राप्त हुआ है। उपरोक्त प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण करने के लिये चर्चा उपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में निम्न निर्णय लिये गये :–

1. मुकुन्दपुर जू के निर्माणाधीन कार्यों के लंबित भुगतान एवं शेष कार्यों को पूर्ण करने के लिये वित्तीय वर्ष 2017–18 में तात्कालिक रूप से रू. 10.00 करोड़ का आवंटन वन विभाग की अन्य योजनाओं से पुर्ननियोजन के माध्यम से योजना क्रमांक 6355 –जू एवं रेस्क्यू सेंटर की स्थापना अंतर्गत बजट उपलब्ध कराया जावे तथा जिस योजना से रू. 10.00 करोड़ की राशि का पुर्ननियोजन किया जाता है, प्रथम अनुपूरक बजट के अंतर्गत उक्त राशि को पुनः उस योजना में प्रावधानित किया जावेगा।

2. वर्ष 2017–18 के लिये शेष रू. 15.00 करोड़ के कार्यों के लिये राशि की व्यवस्था कैम्पा मद के अंतर्गत की जावेगी।

बैठक धन्यवाद ज्ञापित कर समाप्त हुई।

---

(संजय मोहरीर)
अपर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग